कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.04.2024

विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त आकाश सोनकर उर्फ आशीष सोनकर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0127/2024 धारा 376,506 भा0द0वि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित नामजद अभियुक्त आकाश सोनकर उर्फ आशीष सोनकर पुत्र किशोर सोनकर निवासी नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-19.04.2024 को समय करीब 13.15 बजे पाण्डेयपुर ओवर ब्रीज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त आकाश सोनकर उर्फ आशीष सोनकर ने पूछताछ करने पर बताया कि मै लड़की से प्यार करता हूँ और उससे बात-चीत करने के लिये मैंने उसे मोबाईल फोन भी दिया था। मै रात्रि में लड़की को फोन से अपने घर मे चुपके से बुला कर उसको बहला-फुसला कर शारीरिक सम्बन्ध बनाता था और उसे गली मे भी बुला कर मिलता था। जब भी मुझे उससे मिलना होता था तो मै उसे उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बहाने से उसे बुला कर उससे सम्बन्ध बनाता था जबकि उसका कोई अश्लील वीडियो व फुटेज मेरे पास नहीं है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आकाश सोनकर उर्फ आशीष सोनकर पुत्र किशोर सोनकर निवासी नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजकुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 मनीष गुप्ता थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 सुनील कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी ।